प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 14.07.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–प्रदेश में होने वाले अपराधों के लिए अब संबंधित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे।
- राज्य सरकार ने वन्य जीवों के संरक्षण के लिए 144 करोड़ 43 लाख रूपये की वार्षिक कार्ययोजना और बजट को मंजूरी दी।
- राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल अमृत महोत्सव आयोजित किया जाएगा–उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन शिरकत करेंगे।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इंग्लैण्ड के खिलाफ लॉड्र्स टेस्ट में ऐतिहासिक जीत–मुख्यमंत्री ने जीत को आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में होने वाले अपराधों के लिए अब संबंधित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक सीधे जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कल मुख्यमंत्री आवास पर कानून–व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अलवर, श्रीगंगानगर और भरतपुर की हाल की घटनाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब–तलब किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। श्री शर्मा ने अपराध और नशा तस्करी के खिलाफ अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर ठगी रोकने के लिए साइबर पेट्रोलिंग बढ़ाने और अपराधियों के आर्थिक स्रोतों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

00000

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रसूताओं की मृत्यु से संबंधित हर मामले को गंभीरता से ले रही है। वे कल जयपुर स्थित स्थास्थ्य भवन में कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा में हुई प्रसूताओं की मृत्यु के मामलों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बताया कि अधिकांश मामलों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, प्रसव के बाद रक्तस्राव और कुपोषण जैसे कारण सामने आए हैं। श्री खींवसर ने विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर प्रसव पूर्व जांच, रेफरल व्यवस्था और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद प्रेसवार्ता में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि विभाग हर एक मामले की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

-----

0000

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आज जयपुर में राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने बताया कि ये वेबिनार प्रदेशभर के सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानों के लिए होगा। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचारों और सह–शैक्षणिक गतिविधियों पर मंथन किया जाएगा।

0000

राज्य सरकार ने वन्य जीवों के संरक्षण और प्रबंधन से जुडे मामलों के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए 144 करोड़ 43 लाख रूपये की वार्षिक कार्ययोजना और बजट को मंजूरी दी है। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई राजस्थान संरक्षित क्षेत्र संरक्षण समिति की सामान्य सभा की बैठक में ये स्वीकृति दी गई। बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि इस राशि का उपयोग वन्यजीवों के आवास सुधार, घासभूमि और जल स्रोतों के विकास, संरक्षण अवसंरचना, अनुसंधान, निगरानी तथा मानव–वन्यजीव संघर्ष कम करने के कामों पर किया जाएगा। बैठक में वन्यजीवों के लिए वर्षभर पेयजल उपलब्ध कराने और स्वैच्छिक ग्राम पुनर्वास के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रावधानों को भी मंजूरी दी गई।

0000

राज्य विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल विधानसभा परिसर में अमृत महोत्सव का पहला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि समारोह में राजस्थान से निर्वाचित लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का

उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे, जबकि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा के 75 वर्षों में पारित महत्वपूर्ण कानूनों पर चर्चा होगी। पूर्व विधानसभा अध्यक्षों, उपाध्यक्षों और वरिष्ठ विधायकों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विधानसभा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

0000

वस्त्र प्रदर्शनी, भारत टेक्स–2026, आज से नई दिल्ली में शुरू हो रही है। भारत मंडपम में लगायी जा रही देश की इस सबसे बड़ी वैश्विक वस्त्र प्रदर्शनी का शुभारम्भ केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। चार दिन की इस प्रदर्शनी में वस्त्र, फैशन, प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में भारत के बढ़ते नेतृत्व का प्रदर्शन किया जाएगा। ये निर्माताओं, निर्यातकों, वैश्विक खरीदारों, निवेशकों, नीति निर्माताओं, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों, कारीगरों, स्टार्टअप्स और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को एक मंच पर लाएगा। इस आयोजन में सात हजार से अधिक खरीदारों और 20 हजार से अधिक वस्त्र उत्पादों की भागीदारी रहेगी। साथ ही इसमें 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भाग ले रहे हैं।

0000

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत, एआई आधारित प्रशासनिक सुधारों के जरिए सुशासन के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। वे शिलांग में नेक्स्ट जेनरेशन प्रशासनिक और ई–गवर्नेंस सुधारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य के प्रशासन में एआई, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और नागरिक केंद्रित सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार ने पिछले एक दशक में लगभग दो हजार अप्रासंगिक नियम समाप्त कर प्रशासन को अधिक सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक और प्रशासनिक सोच में बदलाव के माध्यम से विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को गति मिलेगी।

oooo

राजस्थान विश्वविद्यालय में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का विषय वित्तीय स्थिरता और शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन रहा। पत्रकारों से बातचीत में **प्रदेश के** प्रधान महालेखाकार रामावतार शर्मा ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की भूमिका केवल सरकारी खातों के ऑडिट तक सीमित नहीं है, बल्कि सुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस सम्मेलन के माध्यम से विद्यार्थियों को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई।

.....

0000

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। कल लॉर्ड्स में खेले गये मैच में भारत ने इंग्लैंड को 270 रनों से करारी शिकस्त देकर एकमात्र टेस्ट की श्रृंखला अपने नाम कर ली। 457 रनों के विशाल लक्ष्य के जवाब में अंतिम दिन इंग्लैंड 186 रनों पर ऑल आउट हो गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा कि इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा का नया अध्याय लिखा है। इस बीच भारत और इंग्लैंड की पुरूष टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला का पहला मुकाबला आज बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।

0000